प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. देश में आज से लागू हुए नये आपराधिक कानून : गृहमंत्री अमित शाह ने नए कानूनों के तहत शीघ्र सुनवाई और न्याय की गारंटी का दिया आश्वासन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की : कहा–बाढ़ से बचाव के लिए बेहतर कोऑर्डिनेशन और त्वरित एक्शन जरूरी।
3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पुनः परीक्षा के बाद एक हजार पांच सौ 63 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम किये घोषित।
4. तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेण्डर की कीमत तीस रूपये घटाई।

और

5. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के 23 जनपदों में कल हो सकती है भारी बारिश।

———————

देश में तीन नये कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो गये हैं। ये नये कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग

पर बल देते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित ये नई व्यवस्था अब पूरी तरह से स्वदेशी है।

*आजादी के 77 साल बाद हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पूर्णता स्वदेशी हो रही है और भारतीय एथोस के आधार पर ये चलेगी। ये कानून जब आज से हर थाने में अपना काम करना चालू करेंगे। तब दंड की जगह न्याय मिलेगा। देरी की जगह ईवी ट्रॉयल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा और पहले से ही पुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी। अब पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा और जो कम्प्लेनर है उसके भी अधिकारों की रक्षा करने का काम होगा।*

श्री शाह ने कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे।

*सबसे पहली प्रॉयोरिटी महिलाओं और बच्चों के अपराध को दी गई है, जिसमें 35 धाराएं और 13 प्रावधान हैं, जिसमें गैंग रेप के लिए अब 20 साल की सजा या तो कारावास–आजीवन कारावास, नाबालिंग के साथ बलात्कार में मौत की सजा, झूठा वादा पहचान छिपाकर शोषण करने वालों के लिए भी अलग से अपराध बनाया गया है। पहले सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट से चलता था। पीड़िता का बयान उसके घर पर या अधिकारियों की उपस्थिति में और अपने परिजनों की उपस्थिति में भी मिलने का प्रावधान किया है।*

गृहमंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं। नये कानूनों को देखते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने मौजूदा अपराध और अपराध ट्रकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में 23 संशोधन किये हैं।

वहीं प्रदेश में नये कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हमीरपुर, अमरोहा, मिर्जापुर, हापुड़, बाराबंकी, उन्नाव, वाराणसी समेत अन्य जिलों के पुलिस थानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। अयोध्या में कोतवाली नगर में आयोजित जागरूकता अभियान में आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि लोगों को नये कानूनों के बारे में जानकारी हो सके, इसलिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रबंधन और जन–जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिये पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्रित कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश और जरूरी उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से

जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूम 24 घंटे सातों दिन एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें।

————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एक रिपोर्ट–

*एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। परीक्षार्थी exams.nta.ac.in/NEET पर लॉगइन करके संशोधित स्कोर कार्ड देख सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक हजार 563 परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा लेने का निर्देश दिए जाने के बाद पिछले महीने की 23 तारीख को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी। इन परीक्षार्थियों को मूल परीक्षा में अनुग्रह या प्रतिपूरक अंक दिए गए थे। इन्हें विकल्प दिया गया था कि वे या तो दोबारा परीक्षा में शामिल हों या अनुग्रह अंक के बिना अपने मूल अंकों को रखें। आदर्श की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सकलेन अख़तर।*

उधर, गुजरात में नीट–यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने एक निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार किया है। यह स्कूल उन परीक्षा केंद्रों में से एक था, जहां 5 मई को नीट–यूजी परीक्षा आयोजित की गई

थी। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 6 हो गई है। इससे पहले गुजरात पुलिस ने परीक्षा में मदद करने के लिए कम से कम 27 उम्मीदवारों से 10 लाख रुपये की मांग करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेण्डर की कीमत में तीस रूपये की कटौती की है। 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेण्डर का मूल्य परिवर्तन आज से प्रभावी हो गया है। मूल्य में कमी के बाद लखनऊ में इस सिलेण्डर का खुदरा बिक्री मूल्य अब एक हजार सात सौ अट्ठावन रूपये पचास पैसे हो गया है।

—————————

लखनऊ विश्वविद्यालय ने दाखिले के लिये आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी है। स्नातक पाठ्यक्रम के लिये 5 जुलाई और स्नातकोत्तर के लिये 17 जुलाई तक आवेदन होंगे। डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने भी यूजो कोर्स में आवेदन की तारीख बढ़ाकर 6 जुलाई कर दी है। लेट फीस के साथ 14 ज़ुलाई तक आवेदन किये जा सकते हैं।

——————

2025 में होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर होगा। इस संबंध में समय सारिणी जारो कर दी गई है। पांच अगस्त तक स्कूलों के माध्यम से 10वीं और 12वीं के बच्चों के परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। विलंब शुल्क क साथ 16 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा। इसके बाद विद्यालय को फॉर्म भरने की अन्य प्रक्रिया 30 सितंबर तक पूरी करनी होगी। आवेदन में कोई गलती न हो, इसकी जांच के लिए 21 से 30 अगस्त तक का समय दिया गया है। इस दौरान स्कूल की ओर से परीक्षार्थियों के माता–पिता को बुलाकर आवेदन की जांच की जाएगी। संशोधन के बाद इन आवेदनों को एक से 10 सितंबर तक वेबसाइट पर स्कूल की ओर से

अपलोड किया जाएगा, फिर सभी आवेदनों की फोटो युक्त नामावली 30 सितंबर तक डीआईओएस कार्यालय में जमा करवानी होगी।

———————

प्रदेश में मानसून सक्रिय है और अधिकांश जिला में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक एक सौ दस मिलीमीटर बारिश लखीमपुर खीरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा कानपुर मे 95 दशमलव 8 मिलीमीटर और सोनभद्र में 77 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश का सिलसिला अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। विभाग की ओर से अगले दो दिनों के लिये बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, मुरादाबाद, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद और गोण्डा समेत 23 जनपदों में कल मेघ गर्जना के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी।

(समाप्त)